निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

www.delhicrimepress.com
info@delhicrimepress.com

RNI No. DELHIN/2005/15378 • DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 • वर्ष-22 • 01 मई 2026 से 31 मई 2026 • अंक-09 एवं 10 • पृष्ठ-8 • मूल्य-10रू

# लोकतंत्र ज़िंदाबाद तानाशाही मुर्दाबाद



रत्ना देबनाथ, पानीहाटी
28000 वोट से विजयी



रेखा पात्रा, हिंगलगंज
5400 वोट से विजयी



कालिता मांझी, औसग्राम
12500 वोट से विजयी

## दोस्तो साथियों दिल्ली क्राइम प्रेस के सफलता के 10 साल पूरे होने पर बहुत बहुत बधाई हों!






















10 साल का समय बहुत लंबा समय होता है जो सफर 10 साल पहले शुरू हुआ था वो आज भी जारी है जैसा आज दिल्ली क्राइम प्रेस नजर आ रहा है 10 साल पहले ऐसा नही था यह पहला ऐसा सिस्टम था जो की प्रिंट मिडिया वाला सिस्टम था जो अपने पाठकों को अति विशिष्ट पहचान के तौर पर पहचान पत्र के साथ देश और समाज के लिये कार्य करने और आम लोगो की परेशानियों को उजागर करने के साथ प्रशासन तक पहुँचने मे मदद करता है और उन्हे दूर करने का प्रयास करता था और उन पाठको मे से प्रेस रिपोर्टर का कोर्स कर-वाकर रिपोर्टर तैयार करता था जो की दिल्ली क्राइम प्रेस के कार्य करते हुए समाज के हितों और भृष्टाचार के खिलाफ इस मुहिम के लिए कार्य करे और देश समाज को आगे बढ़ाये जो की यह कार्य आज भी जारी है सिस्टम मे पुराने और अनुभवी लीडर के साथ नए नए लोग जिसमे पढाई करने वाले लड़के लड़किया नौकरी पेशा वाले पार्ट टाइम करने वाले पुरुष, महिलाओं के इलावा घेरेलु महिलाओ के साथ हर वर्ग हर समाज से बहुत तेजी से लोग आये जो काम दिल्ली मोती नगर के पहले ऑफिस से शुरू से शुरू हुआ था वो देखते ही देखते दिल्ली के कई हिस्सों के साथ फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत पानीपत, करनाल के साथ पंजाब, उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, उड़ीसा मे तेजी से फैलता चला गया अनुभवी लीडर और नए पाठको ने शानदार काम से दिल्ली क्राइम के टूर, सेमिनारो, मीटिंग ने सभी की टीम को बढ़ने और बढ़ाने से पाठको को नई पहचान के साथ नाम, मान सम्मान शोहरत रिवार्ड दौलत के साथ साथ और भी बहुत कुछ दिया और आने वाले समय मे बहुत कुछ मिलने वाला है आज पुराने लीडर और नए पाठको मे लीडर बने पाठक ट्रेनर की भूमिका निभा रहे है वन टू वन मीटिंग होम मीटिंग, ग्रुप मीटिंग जूम मीटिंग मिनी सेमिनार कर रहे है तो आप सोच सकते की आने वाला समय कितना बढ़िया आने वाला है पाठक रिपोर्टर कोर्स करके रिपोर्टर की भूमिका से अपने इलाके अपने आस की खबरे दे रहे है दिल्ली क्राइम प्रेस के बारे मे बता रहे है यह सब की मेहनत लग्न और उत्साह का ही नतीजा है जो हम सब दिल्ली क्राइम प्रेस की सफलता के दस वी सालगिरह के रुप मे मना रहे है और एक दूसरे को बधाई देते हुए आगे बढ़ रहे है आप सभी को इस 10 वीं सालगिरह की दिल से हार्दिक बधाई हों

**आने वाले समय के लिये**

**सर फरोशी की तमन्ना अब**
**हमारे दिल मे है**
**देखना है जोर कितना बाजु-**
**ए- कातिल मे है**
**वक़्त आने दे बता देंगे तुझे ए**
**आसमा**
**हम अभी से क्या बताये क्या**
**हमारे दिल मे है**
**जय हिंद जय दिल्ली क्राइम**

dc press may 2026:Layout 1 07-05-2026 09:35 Page 2



# मां के सीने से लिपटा मिला 4 साल का मासूम....जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत

जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं 23 लोगों को बचाया जा चुका है. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जब एक मां का शव उसके चार साल के मासूम बेटे को सीने से लगाए मिला, तो वहां मौजूद हर शख्स की रूह कांप उठी.

नर्मदा की लहरों पर सैर का आनंद लेना कुछ परिवारों के लिए जीवनभर का गहरा जख्म बन जाएगा, किसी ने सोचा न था. मध्य प्रदेश के जबलपुर के बरगी बांध में हुआ क्रूज हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि उन करीब 35 से ज्यादा जिंदगियों के लिए मौत से सामना था, जो उस क्रूज पर सवार थे.

घटना के समय नजदीक में मौजूद चश्मदीदों और अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों को बचाने वाले स्थानीय युवकों ने जो मंजर बयां किया, वह रूह कंपा देने वाला है. दरअसल नजदीक में ही पुल का कार्य निमार्णाधीन हैं, जहां कर्मचारी काम कर रहे थे. शाम का वक्त था, सब कुछ सामान्य था. अचानक मौसम ने करवट ली. तेज धूल भरी आंधी चलने लगी और बांध का शांत पानी उग्र हो गया. हमने देखा कि



बीच मझधार में सैलानियों से भरा क्रूज डगमगाने लगा. लहरें इतनी ऊंची थीं कि नाव खिलौने की तरह ऊपर-नीचे हो रही थी. देखते ही देखते एक जोरदार लहर आई और क्रूज एक तरफ झुक गया. अगले ही लहर में सब कुछ खत्म हो गया. नाव पलट चुकी थी और लोग पानी में थे.

हादसे के सबसे बड़े नायक वो स्थानीय युवक रहे, जिन्होंने वर्दी या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं किया. इन युवकों ने बताया, हमने जैसे ही लोगों की चीखें सुनीं, हमारा कलेजा मुंह को आ गया. लोग पानी में हाथ-पांव मार रहे थे. हमें पता था कि प्रशासन को आने में वक्त लगेगा, इसलिए हमने तुरंत पानी में छलांग लगा दी. नाव के आसपास लाइफ जैकेट और कुछ रबर ट्यूब तैर रहे थे. हमने उन्हें पकड़ा और उन लोगों की तरफ फेंका, जो डूब रहे थे. मंजर बहुत खौफनाक था. एक मां अपने बच्चे को ऊपर उठाए हुए थी और खुद डूब रही थी. हमने किसी तरह उन तक पहुंच बनाई. पानी इतना गहरा और लहरें इतनी तेज थीं कि एक पल को लगा कि हम भी नहीं बचेंगे लेकिन उन मासूमों की शक्ल देखकर हिम्मत आ गई. हम करीब 12 से 15 लोगों को खींचकर किनारे तक लाए.

जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज पलटने की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को हुई इस घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ लोग अभी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में 18 लोगों को बचाया जा चुका है।

**(सूत्रों के आधार पर )**

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम 2026

## पांच राज्यों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

## चुनाव आयोग की जबरदस्त कामयाबी

**West Bengal (Total AC : 294)**

| Party | Seats |
|---|---|
| BJP | 207 |
| AITC | 80 |
| INC | 2 |
| AJUP | 2 |
| CPI(M) | 1 |
| AISF | 1 |

**Puducherry (Total AC : 30)**

| Party | Seats |
|---|---|
| AINRC | 12 |
| DMK | 5 |
| BJP | 4 |
| TVK | 2 |
| INC | 1 |
| LJK | 1 |
| Others & Ind | 5 |

**Assam (Total AC : 126)**

| Party | Seats |
|---|---|
| BJP | 82 |
| INC | 19 |
| BOPF | 10 |
| AGP | 10 |
| AIUDF | 2 |
| RJRD | 2 |
| AITC | 1 |

**Kerala (Total AC : 140)**

| Party | Seats |
|---|---|
| INC | 63 |
| CPI(M) | 26 |
| IUML | 22 |
| CPI | 8 |
| KEC | 7 |
| RSP | 3 |
| Others & Ind | 11 |

**Tamil Nadu (Total AC : 234)**

| Party | Seats |
|---|---|
| TVK | 108 |
| DMK | 59 |
| ADMK | 47 |
| INC | 5 |
| PMK | 4 |
| IUML | 2 |
| CPI | 2 |

# अवैध घुसपैठ - डेमोग्राफी बदलने की सोची-समझी साजिश

सनद रहे कि गत वर्ष अक्तूबर 2025 में मुंबई में, बांग्लादेश मूल की, किन्नरों की 'गुरु मॉं' उर्फ अयान खान को गिरफ्तार किया गया था, जिसके पास 20 से ज्यादा घर, 300 से ज्यादा भक्त थे, जो उसे 'गुरु मां' कहकर बुलाते थे। यह गत 30 वर्षों से फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे भारत में रह रहा था और इसने अपना नाम ज्योति रखा हुआ था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि वह मुंबई के गोवंडी, रफीक नगर, कुर्ला, देवनार, नारपोली और ट्रॉम्बे इलाकों में एक्टिव थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मार्च 2025 में शिवाजी नगर पुलिस ने रफीक नगर इलाके से कई बांग्लादेशी किन्नरों को गिरफ्तार किया था। उसी दौरान ज्योति के दस्तावेज भी चैक किए गए थे, लेकिन उसके पास आधार, पैन और अन्य वैध दिखने वाले कागज मौजूद थे, इसलिए उस वक्त उसे छोड़ दिया गया था। इसके बाद जब पुलिस ने उसके दस्तावेजों की गहन जांच कराई, तो सभी प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी पता चला कि ज्योति के पास मुंबई में करीब 20 से ज्यादा घर हैं, जिनमें से कई रफीक नगर और गोवंडी इलाके में स्थित हैं। परंतु 2026 मुंबई पुलिस को यह जानकारी मिली कि ज्योति उर्फ बाबू अयान खान ने एक नाबालिग बच्चे का अपहरण किया और उसके साथ यौन शोषण किया। इस घटना के बाद उसे गिरफ्तार किया गया और बीएनएस और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। यह बताया जा रहा है कि उसने बच्चे को भी अपने साथ रहने के लिए बाध्य किया और उसे किन्नर बनाने की प्रयास किया, जिससे बच्चे के मानसिक व शारीरिक स्थिति में गंभीर क्षति हुई।



इस मामले में पुलिस ने यह भी जांच की कि बाबू अयान खान उर्फ ज्योति ने पहले भी ऐसा ही अपराध किया था, जिसमें उसका सहकारी सफरे उर्फ जारा नामांकित आरोपी था। पहले मामले में बच्चे को अपहरण कर उसे भीख मांगने के लिए ले जाया गया था, और उसके साथ अनैतिक काम भी किया गया था। लेकिन जमानत पर छूट ने पर फिर से उसी तरह की गतिविधियां शुरू कर दीं।

जब धीरे-धीरे मुंबई में कई फर्जी आधार / जन्म प्रमाणपत्र वाले किन्नर या बांग्लादेशी पहचान वाले लोगों के खिलाफ केस चले, तो जांच में 'गुरु मां' तक पहुंचा नाम। इसके बाद ईमेल-फोन कनेक्शन, फ्लैट-मालिकी रिकॉर्ड, और एक-दूसरे से जुड़े नामों की लिंक पिन चेक करके पूरा नेटवर्क खुला - जहां मुर्शिदाबाद से आने वाले लोग, फर्जी आधार बनाने वाले एजेंट और भारत में सेटल कराने वाले 'गुरु मां' जैसे सेंटर - सब एक-दूसरे से जुड़े मिले।

जांच में पता चला कि ज्योति ने बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ की और फर्जी तरीके से भारतीय पहचान बना ली थी। ये दस्तावेज इतने असली जैसे थे कि संदेह हो ही नहीं सकता था। पुलिस अब ये खोज रही है कि ये कागज क-हां से बनवाए गए? कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं? मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, कि ये गिरफ्तारी उन तमाम लोगों के लिए तगड़ा संदेश है जो फर्जी कागजों पर यहां रह रहे हैं। हमारा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

ये पहली बार नहीं है जब ज्योति का नाम आया हो। उसके खिलाफ शिवाजी नगर, नारपोली, देवनार, ट्रॉम्बे और कुर्ला पुलिस स्टेशनों में पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे पाक्सो एक्ट की धाराओं और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की अन्य धार-ाओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। अपने अनुयायियों को धोखा देने से लेकर अवैध तरीके से रहने तक, सारे आरोप लगे हैं। किन्नर समाज में ये 'गुरु मां' खासी लोकप्रिय थी।

गुरु मां पर जो मामला चल रहा है, वह अभी मुख्य रूप से अवैध रहने, फजी दस्तावेज, बांग्लादेशी घुसपैठ, नेटवर्क और घरों पर अवैध कब्जा जैसे गंभीर आरोपों से जुड़ा हुआ है। उसके खिलाफ बीएनएस और अन्य धाराएं (बाल अपहरण, यौन शोषण आदि) लगाई गई हैं, और एक नाबालिग बच्चे के अपहरण और बाद में यौन शोषण का आरोप भी जुड़ा है।

क्या ये सिर्फ एक केस है या डेमोग्राफी बदलने के लिए एक बड़ी साज़िश की छोटी सी कड़ी है?

मुंबई में पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चल रही है। पुलिस को शक है कि ज्योति जैसे कई लोग अभी भी फर्जी आईडी पर घूम रहे हैं। क्या ये एक बड़ा गिरोह है? या सिर्फ अकेली कोशिश? जांच जारी है।

**दिनेश शर्मा/दिल्ली क्राइम प्रैस**

dc press may 2026:Layout 1 07-05-2026 09:35 Page 3



## सम्पादकीय, नरेंद्र कुमार

## विधानसभा चुनावी नतीजे - लोकतंत्र की जीत

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी और जीवंत प्रणालियों में से एक है, जो 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद से स्थापित है। भारत के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के, चाहे वह किसी भी पंथ, जाति, धर्म, क्षेत्र या लिंग का हो, वोट देने का अधिकार है। मई 2026 के पांच राज्यों (असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और केरलम) में विधानसभा चुनाव हुए और 4 मई को परिणाम घोषित कर दिए गये। पांचों राज्यों के परिणामों में भाजपा की लोकप्रियता में बढ़त साफ दिखाई पड़ी। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा प्रचंड बहुमत से जीती, असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, तमिलनाडु में अभिनेता विजय की टीवीके भी सभी को चौंकाते हुए सबसे अधिक सीटें ले गयी और टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है तो केरलम में कांग्रेस ने वापसी की। ये चुनाव परिणाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीति में बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं। इन परिणामों का मुख्य निष्कर्ष यह है, भाजपा का पूर्व में विस्तार। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ममता बनर्जी के 15 साल के शासन को खत्म किया। यह परिणाम ममता बनर्जी के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। पिछले डेढ़ दशक से सत्ता पर काबिज टीएमसी को भाजपा ने पहली बार निर्णायक रूप से पीछे छोड़ा है इसे भाजपा के पूर्वी भारत विस्तार की सबसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। असम में भी भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए अपनी सत्ता कायम रखी। तमिलनाडु में विजय की टीवीके पार्टी ने ऐतिहासिक जीत के साथ द्रमुक के खेल को बिगाड़ा है। इन परिणामों से पता चलता है कि भाजपा ने दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी पैठ बढ़ाई है, जिसे वह अब तक का एक 'राइट-साइड शिफ्ट' (दक्षिणपंथी झुकाव) मान रही है। बंगाल में हार और तमिलनाडु में द्रमुक के कमजोर होने से विपक्षी गठबंधन INDIA (इंडिया) के लिए 2029 की राह मुश्किल हो सकती है। असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने दूसरी बार सत्ता हासिल कर स्थिरता का संदेश दिया है। इन परिणामों ने साफ कर दिया कि भाजपा अब भी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे प्रभावशाली चुनावी ताकत बनी हुई है, हालांकि दक्षिण भारत में उसके सामने चुनौतियां कायम हैं। दूसरी ओर, कई राज्यों में क्षेत्रीय राजनीति ने भी नए संकेत दिए हैं। इन पांच राज्यों के चुनावों के नतीजों ने कई स्तरों पर संदेश दिया है। भाजपा ने पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में अपनी ताकत साबित की, जबकि दक्षिण भारत में उसे अभी लंबा रास्ता तय करना है। तमिलनाडु में विजय का उभार और केरल में कांग्रेस की वापसी विपक्ष के लिए राहत की खबर है। सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश पश्चिम बंगाल से आया, जहां भाजपा ने उस राज्य में सत्ता के दरवाजे तक पहुंच बनाई, जिसे वह लंबे समय से अपनी अंतिम पूर्वी चुनौती मानती रही थी।

संक्षेप में, ये परिणाम बीजेपी के लिए देश भर में फैलाव और क्षेत्रीय दलों के लिए अपनी जमीन बचाने की चुनौती का संकेत देते हैं।

# साथी के सम्मान में, दिल्ली क्राइम मैदान में: पंजाब की धरती से भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ दिल्ली क्राइम परिवार का शंखनाद।

**दिल्ली क्राइम प्रेस परिवार के सदस्य पर जानलेवा हमला, पुलिस प्रशासन ने दिया कड़ी कार्रवाई का आश्वासन**

**मोहाली/खरड़:** दिल्ली क्राइम प्रेस परिवार के कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवक पर 1 मार्च, 2026 को असामाजिक तत्वों द्वारा कायराना हमला किया गया। इस हमले में पत्रकार को गंभीर शारीरिक चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद, दिल्ली क्राइम की महिला पत्रकार एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से घायल सदस्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**वरिष्ठ पदाधिकारियों का दौरा और कानूनी कार्रवाई –** मामले की सूचना मिलते ही दिल्ली क्राइम मुख्यालय सक्रिय हो गया। पदाधिकारियों ने सदस्य की मेडिकल रिपोर्ट, एक्स-रे और सीटी स्कैन के आधार पर सदर खरड़ थाना में दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज करवाई।

**प्रशासन का रुख –** थाना प्रभारी अमनदीप सिंह ने घटना की संवेदनशीलता को समझते हुए दिल्ली क्राइम परिवार के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए जाँच अधिकारी (IO) को त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने संगठन को निष्पक्ष न्याय का पूर्ण भरोसा दिलाया है।

**हमारा संकल्प:** "दिल्ली क्राइम परिवार अपने प्रत्येक साथी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम भ्रष्टाचार और अपराध के विरुद्ध अपनी लड़ाई में कभी पीछे नहीं हटेंगे। समाज के शत्रुओं के खिलाफ हमारी आवाज और भी बुलंद रहेगी।"



**मोहाली पहुंची दिल्ली क्राइम प्रेस की टीम**
**राजकुमार कश्यप (असिस्टेंट चीफ एडवाइजर)**
**दिनेश शर्मा ( सह कार्यकारी संपादक)**
**मीनाक्षी निगम ( पत्रकार)**
**श्रेया कक्कड़ ( पत्रकार)**
**रोहित कुमार (पत्रकार)**
**पप्पू कुमार ( पत्रकार)**

# उत्तराखंड पुलिस का बर्बर चेहरा



प्राप्त समाचारों के अनुसार उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र स्थित सतपुली से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रेतपुर के रहने वाले 20 वर्षीय पंकज कुमार ने रेतपुर, भिटारा के पुल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले पंकज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उसने सतपुली के थाना प्रभारी को बहुत बुरा और घटिया इंसान कहा। उसने कहा: उन्होंने मेरी गाड़ी जब्त कर ली। पुलिस में कोई इंसानियत नहीं है। उन्होंने मेरी बात सुने बिना ही मुझे पीटा और मेरे घरवालों के साथ भी गाली-गलौज की। उसने बताया कि पुलिस ने उसकी बाइक (नंबर यू के 10 3350) जब्त कर ली थी। उसके मुताबिक, गलती सिर्फ. उसकी नहीं थी, तो भी थाने में न केवल उसे अपमानित किया गया बल्कि उसके घरवालों के साथ भी बदतमीजी की गई। वीडियो में पंकज साफ तौर पर पुलिसिया उत्पीड़न का जिक्र कर रहा है और अपनी मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहरा रहा है। उसने सुसाइड नोट में भी पुलिस पर उत्पीड़न और अपमान के आरोप लगाए हैं, विशेष रूप से उसने अपनी आत्महत्या के लिए सतपुली के थाना प्रभारी को जिम्मेदार बताया है। पंकज के परिजनों का कहना है कि पुलिस द्वारा उसकी बाइक सीज किए जाने के बाद से ही वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। उन्होंने बताया कि पंकज अपनी बाइक से बहुत लगाव रखता था और उसके सीज होने के कारण वह स्वयं को बहुत अपमानित अनुभव कर रहा था। इसी तनाव और उत्पीड़न के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है और लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। शनिवार सुबह पंकज का शव रेतपुर भिताड़ा पुल के पास फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और सबमें आक्रोश देखने को मिल रहा है। पंकज की मां का रो-रोकर बुरा हाल है और वह न्याय की मांग कर रही हैं। पौड़ी गढ़वाल के एसएसपी सर्वेश पंवार ने इस पूरे मामले पर निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




**दिनेश शर्मा/दिल्ली क्राइम प्रैस**

# नंदी रथ: आत्मनिर्भर भारत का 'स्वदेशी समाधान'! निराश्रित नंदियों की शक्ति से अब गाँवों में पैदा होगी देश की सबसे सस्ती बिजली

**क्या है 'नंदी रथ' तकनीक?**
यह एक पशु-शक्ति से चलने वाला बिजली जनरेटर है। इसमें एक विशेष रूप से डिजाइन किए गए धातु के ढांचे के भीतर एक झुकी हुई ढलान (Inclined Ramp) होती है। जब सांड इस पर स्वाभाविक रूप से चलता है, तो उसके कदमों की गति से एक हाई-टेक गियरबॉक्स और फ्लाईव्हील सिस्टम घूमने लगता है। यह सिस्टम अल्टरनेटर के जरिए गतिज ऊर्जा (Kinetic Energy) को शुद्ध बिजली में बदल देता है।

**नंदी रथ की बड़ी बातें:** सस्ती बिजली: ग्रिड की महंगी बिजली के मुकाबले यहाँ बिजली मात्र ₹1.5 प्रति यूनिट में पड़ती है।

बड़ी क्षमता: एक सांड प्रति घंटे 5 किलोवाट (5 kW) बिजली पैदा करता है। यदि इसमें सोलर पैनल जोड़ दिए जाएं, तो यह उत्पादन 10 किलोवाट तक पहुँच जाता है।

**बहुउपयोगी:** इस बिजली से किसान सिंचाई पंप, आटा चक्की, घर की लाइटें और अन्य कृषि उपकरण आसानी से चला सकते हैं।


पशु संरक्षण: जो सांड पहले बोझ समझे जाते थे, वे अब कमाई का जरिया बन रहे हैं। उन्हें छत, चारा और एक उद्देश्य मिल रहा है।



**समस्या से समाधान तक का सफर –** सिद्धपुर (यू.पी.) में इस तकनीक का सफल परीक्षण करने वाले शैलेंद्र सिंह बताते हैं कि इसका पेटेंट गियरबॉक्स तकनीक पर आधारित है। इसमें पशुओं पर कोई दबाव नहीं पड़ता; वे बस गुरुत्वाकर्षण और अपनी स्वाभाविक चाल का उपयोग करते हैं। "यह आविष्कार केवल बिजली पैदा करने के बारे में नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने के बारे में है। हमने प्राचीन परंपरा (नंदी के प्रति सम्मान) को आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ जोड़ा है।"

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति की उम्मीद –** भारत के गांवों में छुट्टा पशु अक्सर फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं, जिससे किसान परेशान रहते हैं। 'नंदी रथ' इस समस्या को एक आर्थिक अवसर में बदल देता है। यदि सरकार और कृषि विश्वविद्यालय इस मॉडल को समर्थन देते हैं, तो आने वाले समय में हर गांव ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

**निष्कर्ष: –** जहाँ दुनिया हाई-टेक गैजेट्स के पीछे भाग रही है, वहीं 'नंदी रथ' ने साबित कर दिया है कि असली नवाचार जमीन से जुड़ा होता है। यह तकनीक न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि भारतीय गांवों की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने की क्षमता भी रखती है। अब सांड खेत उजाड़ेंगे नहीं, बल्कि घर रोशन करेंगे!

Helpline No. 7982654944

ABHISHEK KUMAR
DELHI STATE HEAD
DELHI CRIME
WA
BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA NATIONAL NGO
भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज़
NITII AAYOG DARPAN REGN. NO. DL/2020/0260865 REGN. NO. S/RS/DW(SW)/1646/2019
C-1/511, NEW YADAV ENCLAVE, PREM NAGAR-3, NEAR CHAUDHARY BALDEV SINGH MODEL SCHOOL,DELHI-110086

dc press may 2026:Layout 1 07-05-2026 09:35 Page 4





दैनिक भारत समाचार पत्र के उप संपादक मोनू कुमार ने दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की सराहना की



दिल्ली क्राइम के ब्रांच आफिस गुरूग्राम में फिल्मी हीरो का आगमन



मुजफ्फरनगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी.एम.ओ.) को "दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा" राष्ट्रीय समाचार पत्र देते हुए मीडिया रिपोर्टर निखिल सैनी, सहयोगी अस्मित कुमार।



कुशीनगर जिला अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर से दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर राज हुसैन, आर.एन सिंह, महमूद आलम ने की शिष्टाचार मुलाकात



दिल्ली क्राइम के सिस्टम मे अहम हिस्सा टीम से मिलना टीम को सर्विस टीम को जानकारी और टीम के साथ और सहयोग देना बेहद जरूरी है



दिल्ली क्राइम के सिस्टम मे अहम हिस्सा टीम को सर्विस और टीम को जानकारी देना बेहद जरूरी है



नरेला: बृहस्पतिवार के दिन दिल्ली क्राइम प्रैस की मीडिया एसोसिएट सीमा शर्मा के घर पर धार्मिक आयोजन होने के कारण ढ़ेर सारे नाते-रिश्तेदार तथा परिचित एकत्रित हुए थे। इस सुअवसर का लाभ उठाते हुए सीमा शर्मा ने दिल्ली क्राइम प्रैस की सक्रिय व तेज-तर्रार मीडिया एसोसिएट अनिता भोज व सह-कार्यकारी संपादक दिनेश शर्मा को आमंत्रित किया था।



दिल्ली क्राइम प्रेस टीम लीडर सत्येंद्र सैनी थाना सिविल लाइन में न्यूज पेपर की कॉपी देते हुए



दिल्ली क्राइम प्रेस और नेशनल एन.जी.ओ. की बैठक समाज सेवा और बेहतर पत्रकारिता के संकल्प के साथ नई रणनीति तैयार



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर तीर्थ नगरी शुक्रताल में भारतीय जनता पार्टी से वरिष्ठ युवा नेता अमित राठी के फार्म हाउस पर पहुंचकर दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की विस्तार पूर्वक जानकारी देकर न्यूजपेपर की कॉपी देते हुए रिपोर्टर निखिल, सत्येंद्र सैनी



जनपद मुजफ्फरनगर से वरिष्ठ पत्रकारों ने मिलाया हाथ, दिल्ली क्राइम प्रेस के साथ



माली समाज के मीडिया प्रभारी को दिल्ली क्राइम राष्ट्रीय अखबार की जानकारी देते हुए एरिया एडवाइजर



मुजफ्फरनगर कचहरी परिसर में दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर का प्रचार प्रसार करते हुए



अम्बेडकर जयंती पर दिल्ली क्राइम प्रेस टीम ने महिला पुलिस अधिकारी को दी स्मृति भेंट



**दिल्ली क्राईम प्रेस के जन जागरूकता अभियान में गांव और शहर के युवाओं की भागीदारी जारी**




**संस्कार, शिक्षा और नेतृत्व की पहचान— भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बेटियों ने मिशन शक्ति 5.0 में संभाली प्रशासनिक कमान**



**पटनाः एलपीजी गैस की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए बिहार सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में जन वितरण प्रणाली (PDS) की दुकानों के माध्यम से कुकिंग कोयला उपलब्ध कराया जाएगा।**

## दोन में सोलर प्लांट में शार्ट सर्किट से लगी आग



बिहार जिला पश्चिमी चंपारण में प्रखण्ड रामनगर के अंतर्गत बनकटवा कर्महवा के ग्राम बेलाताड़ी दोन में सोलर प्लांट में शार्ट सर्किट के वजह से आग लग गई जिसमे सोलर प्लांट पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिस समय आग लगी उस समय ग्रामीण सोलर प्लांट पहुचे तो जिस घर में बैटरी रखा था, वह धू धू कर जल रहा था। वहां दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर हरिद्र शर्मा पहुचे तो ग्रामीणों ने बताया कि शार्ट सर्किट के वजह से आग लगी है। सभी लोगों ने मिलकर आग को बुझाया। इस सोलर प्लांट से पूरे बेलाताड़ी ग्राम मे लाइट की सप्लाई जाती है। सोलर प्लांट के जलने से पूरे ग्राम में अंधेरा हो गया है

## नवागत एसडीएम ने तहसील का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त रुख



बिसौली, उपजिलाधिकारी (SDM) श्री साई आश्रित शाखमुरी ने तहसील परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।



**मुजफ्फरनगरः जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत एसपी सिटी अमृत जैन के कुशल निर्देशन में थानाप्रभारी नई मंडी आनंददेव मिश्रा व उनकी पुलिस टीम को दिनांक 03 मई, दिन रविवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मुठभेड़ के बाद 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में गिरोह के 2 तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है।**

**रिपोर्टरः निखिल सैनी, मुजफ्फरनगर ( उ०प्र० )**



**सीलमपुर, शहादरा के रविन्द्र कुमार ने दिल्ली क्राइम प्रेस में अपना पहला प्रमोशन 'न्यूज सपोर्टर' प्राप्त करने पर, अपने आवास पर, मई माह के प्रथम रविवार के दिन, मीटिंग का आयोजन किया था और इसकी सफलता हेतु दिल्ली क्राइम प्रेस के सह-कार्यकारी संपादक दिनेश शर्मा तथा नेशनल ट्रेनर अशोक कुमार को सादर आमंत्रित किया था। और इसकी सफलता हेतु दिल्ली क्राइम प्रेस के सह-कार्यकारी संपादक दिनेश शर्मा तथा नेशनल ट्रेनर अशोक कुमार को सादर आमंत्रित किया था।**





**जनपद में आमजन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ, सुश्री अंकिता शर्मा ने पुलिस अग्निशमन विभाग की 2 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

**संवाददाताः ए.के. सोनी, बदायूँ**



**मवाना बस स्टैंड चौकी प्रभारी पर पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप**

## मुजफ्फरनगर पहुंचे यूपी के मुखिया आदित्यनाथ योगी



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर के नुमाइश पंडाल मुजफ्फरनगर 13 अप्रैल दोपहर 12:00 से हो रहे रोजगार मह- ाकुंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज का अभी अभी नुमायश पंडाल मैं शुभ आगमन हो गया है देखिए फोटो मंच पर मौजूद है पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक और विक्रम सिंह सैनी, सांसद चंदन सिंह चौहान, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, मंत्री सोमेंद्र तोमर, मंत्री कपिल देव अग्रवाल विधायक प्रसन्न चौधरी सहित तमाम वरिष्ठ दिग्गज नेता हैं मौजूद मुजफ्फरनगर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी सभी मोर्चा थामे हुए हैं

**रिपोर्टर सत्येंद्र सैनी**

## दुनिया हैरान! सिर्फ 13 साल की उम्र में 10वीं पास कर लिया – मुबारक का सपनाः देश का सबसे ताकतवर स्पेशल कमांडो बनना

**हनुमानगढ़,** राजस्थान (चक 91 R.D.) तहसील रावतसर के चक 91 फऊ गांव से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। साधारण मजदूर एवं किसान परिवार से संबंध रखने वाले मुबारक, पुत्र श्री मोहम्मद शोकिन ने कम उम्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मुबारक वर्तमान में के.आर. पब्लिक स्कूल, नोहर (वार्ड नंबर 11) के छात्र हैं, जहां वे प्रारंभ से ही अध्ययनरत रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है।

**विशेष उपलब्धिः** मुबारक (जन्म तिथिः 10 जून 2012) ने मात्र 13 वर्ष की आयु में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करते हुए 64.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कम उम्र में यह सफलता हासिल कर



उन्होंने क्षेत्र में एक मिसाल पेश की है।
मुबारक के पिता श्री मोहम्मद शोकिन पिछले 6-7 वर्षों से "दिल्ली क्राइम प्रेस" से जुड़े हुए हैं। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा ने मुबारक को आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद उन्होंने हमेशा अपने बेटे को प्रोत्साहित किया है। परिवार में मुबारक की दो बड़ी बहनें भी हैं, जिनमें एक 11वीं कक्षा में अध्ययनरत है, जबकि दूसरी बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। मुबारक का लक्ष्य भविष्य में देश का एक सक्षम स्पेशल कमांडो बनकर राष्ट्र सेवा करना है। उनका कहना है– अगर हौसले बुलंद हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

गांव के लोग भी मुबारक की इस उपलब्धि की सराहना कर रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ऐसे जुझारू और मेहनती युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की असली पहचान हैं।

**रिपोर्टर - लव कुमार**

dc press may 2026:Layout 1 07-05-2026 09:35 Page 6



# प्रतापगढ़ प्रभारी मंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे के कार्यक्रम का किया भव्य शुभारम्भ

गंगा एक्सप्रेसवे से बदलेगी यूपी की तस्वीर, 12 जिलों को मिलेगी विकास की रफ्तार-प्रभारी मंत्री दिनांक 29 अप्रैल 2026 प्रतापगढ़। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा रुपए 36230 करोड से निर्मित उत्तर प्रदेश के सबसे विराट 594 किमी0 लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ-प्रयागराज) का लोकार्पण जनपद हरदोई में किया गया जिसके क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज के ग्राम सरायसंग्राम सिंह स्थित टोल प्लाजा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं वहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के प्रभारी मंत्री व परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ह्यह्यमोती सिंहह्लह्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, पूर्व विधायक शिवाकान्त ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी व के0के0 सिंह, राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, भाजपा से राजेश सिंह, रामजी मिश्रा, नागेन्द्र प्रताप सिंह (छोटे सरकार), पवन गौतम, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल आदि पार्टी के पदाधिकारी व जनपद स्तरीय अधिकारी व जनसामान्य ने




सजीव प्रसारण का अवलोकन किया। प्रारम्भ में जनपद के प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे लगभग 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ के बिजौली गांव से प्रारंभ होकर प्रयागराज के जुदापुर दांदू गांव तक जाएगा। यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के 12 प्रमुख जनपदों क्रमशः मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज) को जोड़ते हुए आवागमन को सुगम बनाएगा और औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति देगा। आज उत्तर प्रदेश के विकास में एक नया अध्याय से जुड़ने जा रहा है, गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को पश्चिम से पूरब तक जोड़ने का यह सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया गया और इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी लोग साक्षी है। पश्चिम के लोगों को आने जाने में काफी दिक्कते होती थी, ट्रेन व बस से आने में काफी समय लगता था परन्तु अब गंगा एक्सप्रेस-वे के बन जाने से 5-6 घंटे में यात्रा कर सकेगें। मेरठ से अब प्रयागराज की धरती पर आना आसान हो गया है। यह गंगा एक्सप्रेस-वे 500-600 गांवों से गुजरा हुआ है जिससे गांवों की तस्वीर भी बदलेगी, यह परियोजना प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। आज उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश बन गया है, उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है और प्रतापगढ़ भी विकास का भागीदार बन रहा है। उन्होने पार्टी के पदाधिकारियों व जिला प्रशासन को भागीदारी हेतु बधाई दी। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर कानून राज स्थापित है, हमारे प्रदेश के माताये एवं बहने बिना किसी डर भय के बाहर निकल रही है, गुण्डो और माफियाओं पर कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र मे विकसित हो रहा है। विधायक सदर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व प्रदेश में सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे बनाया गया जिसमे हमारा प्रतापगढ़ भी इस एक्सप्रेसवे से जुड़ा हुआ है जो जनपद को विकसित करने में चार-चांद लगायेगा, इससे उद्योगो की स्थापना होगी और लोगो को

**– शेष भाग पेज 8 पर**

## हमारे नए अचीवर


ध्रुव सेठी
डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर


अशोक कुमार
जोनल एडवाइजर


निखिल सैनी
जोनल एडवाइजर


गायत्री कश्यप
एरिया एडवाइजर


अभिषेक कुमार
एरिया एडवाइजर


होशांक कश्यप
एरिया एडवाइजर


मोहम्मद सगीर अंसारी
एरिया एडवाइजर


खुशबू परावीन
न्यूज सपोर्टर


कमला वती
न्यूज सपोर्टर


सी राजकुमार बागमार
न्यूज सपोर्टर


वर्मा दिपुबेन
न्यूज सपोर्टर


बीर सिंह
न्यूज सपोर्टर


लोहित बसुमतारी
न्यूज सपोर्टर


मजीदा
न्यूज सपोर्टर


उर्वशी गर्ग
न्यूज सपोर्टर


अतुल शर्मा
न्यूज सपोर्टर


घनश्याम सिंघानी
न्यूज सपोर्टर


मनोज कुमार
न्यूज सपोर्टर


रवींद्र
न्यूज सपोर्टर


बलराम डे
न्यूज सपोर्टर


सतीश कुमार धीर
न्यूज सपोर्टर


संजय कपूर
न्यूज सपोर्टर


वर्मा बिंदुबेन रामशंकर
न्यूज सपोर्टर


गोपाल प्रसाद यादव
न्यूज सपोर्टर

# केजरीवाल ने पंजाब के आआपा विधायकों के साथ की बैठक, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के पंजाब विधायकों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में बैठक की। इस दौरान केजरीवाल ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मंगलवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिले। उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी के सभी विधायक भी दिल्ली में आए हैं। उनका कहना है कि राज्य विधायकों की ओर से चुने राज्यसभा सांसद आपस में मिलकर कैसे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष भी यही पक्ष रखा। दिल्ली में पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने विधायकों से कहा कि पंजाब में आआपा सरकार को बने लगभग चार साल हो चुके हैं और चुनाव में अब करीब 10 महीने शेष हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एंटी-इनकंबेंसी नहीं, बल्कि प्रो-इनकंबेंसी माहौल है। बहुत कम सरकारें ऐसी होती हैं जिनकी कार्यकाल के अंत में जनता खुलकर तारीफ करती है, लेकिन पंजाब में लोग सरकार के काम से संतुष्ट हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

दिल्ली में अपनी हार का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में वोट कटवाए गए, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी छोड़कर गए सात नेताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने में शामिल करा लिया। ये राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं और इसका जवाब आगामी चुनाव में पंजाब की जनता देगी। बैठक में केजरीवाल ने विकास कार्यों, सड़कों के निर्माण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और विधायकों को निर्देश दिया कि वे जनता के बीच सक्रिय रहकर सरकार की नीतियों और कामों को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव के बाद देश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। केजरीवाल ने कहा कि इतिहास में जब भी किसी ने देश पर आक्रमण किया, तब पंजाब ने हमेशा अपना खून बहाकर देश की रक्षा की। लेकिन इस बार चुनौती भीतर से है जो संविधान के मूल्यों पर खतरा बन रहे हैं, उन्हें भी पंजाब के लोग अपने लोकतांत्रिक तरीके से रोकेंगे और बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान की रक्षा करेंगे।

## दिल्ली क्राइम प्रेस का शोर - चहुं ओर



दक्षिणी दिल्ली स्थित बिजवासन में, नये सदस्य महावीर सिंह राणा को उनके निवास स्थान पर मीडिया एसोसिएट के रूप में, दिल्ली क्राइम प्रैस की टीम 22 मार्च रविवार सांयकालीन के दिन सम्मानित करने हेतु पहुंची। जहां पर महावीर सिंह राणा ने गॉव के अपने परिचितों के अलावा अन्य प्रतिष्ठित लोगों को भी आमंत्रित किया हुआ था। दिल्ली क्राइम की टीम में सह-कार्यकारी संपादक दिनेश शर्मा, नेशनल ट्रेनर अशोक कुमार, पत्रकार पप्पू कुमार, मीडिया एसोसिएट अनिता भोज तथा न्यूज एसोसिएट कैलाश तंती गये थे। महावीर सिंह राणा के निमंत्रण पर ग्राम बिजवासन के रा. स्वयं सेवक संघ के प्रधान सुरेश राणा तथा अन्य मेहमान अनिल राणा, राजेश सिंह गुलिया, अशोक कुमार राणा, रामबीर राणा, सतबीर राणा, देविंद्र राणा, महेश राणा, मुकेश कुमार, सुरेश राणा, दिनेश राणा, महेश यादव, रवि राणा, रमेश कुमार, जय प्रकाश राणा, दिलबाग सिंह, भूपेन्द्र, सतबीर सिंह राणा, बिरेन्द्र कौशिक तथा दो महिलाएं गंगा देवी व सरोज राणा उपस्थित थीं।

## भाजपा ने अमित शाह को पश्चिम बंगाल में, नड्डा को असम में केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया



**नई दिल्ली,** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को असम में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दलों के नेताओं के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए गृहमंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। अरुण सिंह ने बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम में विधायक दल के नेता के चयन के लिए पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## ग्राम सबलपुर बितरा में हुई भव्य शादी, वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार के छोटे भाई का विवाह बना चर्चा का विषय



**बिजनौर:** जिले के ग्राम सबलपुर बितरा में आयोजित एक भव्य शादी समारोह इन दिनों पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार के छोटे भाई सोहित राजपूत (पुत्र सुनील राजपूत) की शादी धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई, जिसमें दूर-दराज से आए मेहमानों की बड़ी संख्या ने आयोजन को खास बना दिया। शादी समारोह की भव्यता, शानदार व्यवस्थाओं और बड़े स्तर पर हुए आयोजन की चर्चा आसपास के गांवों और कस्बों तक फैल गई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस तरह का विशाल, व्यवस्थित और आकर्षक आयोजन कम ही देखने को मिलता है, जिस कारण यह विवाह समारोह लंबे समय तक लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहेगा।

**पत्रकार - लव कुमार**


N.S.RAWAT (GOVT. M.D.D.A. APPR.)
Ar. SHUBHAM RAWAT (B. Arch.)
RBS ENGINEERING & CONSTRUCTION
(ARCHITECT & ENGINEER)
DESIGN N' BUILD ARCHITECTS
Reg. Office: 1-Vidhan Sabha Road, Near Vidhan Sabha, Dehradun. UK-248001
Mob. 9759843257, Off. 0135 3594167
E-mail-rbsec45@gmail.com, Website: www.rbsec.in,



AADHAAR मेरा आधार, मेरी पहचान
आधार सेवा केन्द्र
AADHAAR SEVA KENDRA
आधार सेवा केन्द्र खुल गया है
सप्ताह में सातो दिन खुला रहेगा
समय : सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक
सेवाएं :-
• नया आधार, एड्रेस अपडेट,
• फोटो / बायोमैट्रिक अपडेट
• मोबाइल / ई मेल आईडी अपडेट,
• नाम, लिंग, जन्म तारिक
दीपक पैलेस, नानकी हॉस्पिटल के सामने, रुड़की रोड, मुज़फ्फरनगर - 251001



लाला सुखबीर सिंह धर्मार्थ
योग एवं प्राकृतिक थैरेपी सैंटर
योगाचार्य आदेश कुमार (D.Y.A.S. Delhi)
M.9927338817
योग थैरेपी द्वारा साध्य असाध्य रोगों का निवारण
सुविधाए - सरवाईकल घुटने का दर्द
कमर दर्द L4, L5 साइटिका पेन
लाला सुखबीर सिंह धर्मशाला अबुपुरा वाली गली, फकरशाह चौक के पास, मुज़फ्फरनगर



### हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**
**अनिल सेठी**

**सह कार्यकारी - संपादक दिनेश शर्मा**

**हमारे स्वतंत्र व सत्यापित रिपोर्टर**

| | |
|---|---|
| राजकुमार कश्यप | (दिल्ली) |
| मुकेश गुप्ता | (दिल्ली) |
| अशोक कुमार | (गुरुग्राम) |
| सुशील कुमार | (करनाल) |
| राम नरेश | (कुशीनगर) |
| मो.शरीफ | (दिल्ली) |
| अभिषेक कुमार | (दिल्ली) |
| राज हुसैन | (कुशीनगर) |
| ध्रुव सेठी | (पंजाब) |
| विक्रमादित्य सिंह | (सीधी) |
| सावित्री सिंह | (सीधी) |
| निखिल सैनी | (मुजफ्फरनगर) |
| सत्येंद्र सैनी | (मुजफ्फरनगर) |
| रविकरन सिंह अलीगढ | (उ. प्र) |

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**



61/9 अशोक नगर दिल्ली - 110018
Customer Care No.
8744884766




### ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹ 1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹ 60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹ 90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹ 66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹ 36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹ 51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹ 36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹ 21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹ 30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-



## दिल्ली मेट्रो का 32वां स्थापना दिवस संपन्न, सीएम रेखा गुप्ता रही मुख्य अतिथि




**नई दिल्ली:** प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम के प्लेनरी हॉल में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) का 32वां स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस गौरव-शाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली चीफ मिनिस्टर श्रीमती रेखा गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली मेट्रो के तीन दशकों से अधिक के शानदार सफर और दिल्ली-एनसीआर की जीवनरेखा बनने की उपलब्धि को याद किया गया। मुख्य अतिथि रेखा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में डी एम आर सी (DMRC) के सभी कार्यकताओं और अधिकारियों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि यह आधुनिक भारत की प्रगति का प्रतीक भी है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डी एम आर सी के समर्पित कार्यकताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

**रिपोर्टर: निखिल सैनी, सहयोगी मुजम्मिल अंसारी**

## सबलपुर बीतरा के नेशनल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम 100%

**सबलपुर बीतरा।** क्षेत्र के नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष *100% रहा, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य मुस्तकीम अहमद ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। जारी परिणाम के अनुसार कक्षा-2 की छात्रा अनम पुत्री शादाब आलम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य कक्ष-ाओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कक्षा ङ्ख में आयत, हुसैन और मोहम्मद अरसलान, कक्षा छङ्ख में अलहमा, हिदाया और युमना, कक्षा वङ्ख में मायरा, जैनब हक और बरीराज, कक्षा 1 में असद, असमा हुसैन और मोहम्मद अलीशान, कक्षा 2 में अनम, रुकैया और वैशनवी, कक्षा 3 में इलमा, अल्तमश और जैनब, कक्षा 4 में सकीना, सुमैया और जिकरा, कक्षा 5 में उन्जिला, इलमा और शहरीन, कक्षा 6 में आफिया, मोअर्श और सुमायला, कक्षा 7 में अलीना, मलाइका और इकरा तथा कक्षा 8 में शाफिया, अलिशफा और फलकनाज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुस्तकीम अहमद ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की सहायक शिक्षिकाएं, अरीशा, अनम, शामिया, शबनूर, गुलफशा और अजरा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।




**रिपोर्ट- लव कुमार**

# विवेक विहार अग्निकांड: बंद छत, लोहे की ग्रिल और धुएं के बीच बुझ गई नौ जिंदगियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के जो हुआ, उसने राजधानी को भीतर तक हिला दिया। रात की खामोशी में अचानक उठी चीखें, धुएं से भरी सीढ़ियां, खिड़कियों से मदद के लिए पुकारते लोग और कुछ ही मिनटों में आग की लपटों में बदलती चार मंजिला इमारत यह मंजर इतना भयावह था कि जिसने भी देखा, सिहर उठा। इस अग्निकांड में डेढ़ साल के मासूम समेत नौ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस अधिकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 3:47 बजे हुआ, जब विवेक विहार फेस-1 स्थित बी-13 नंबर की चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर लगे एसी में कथित शॉर्ट सर्किट के बाद धमाका हुआ और आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद 14 फायर टेंडर और



दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। यह बिल्डिंग बाहर से जितनी सामान्य दिख रही थी, अंदर उतनी ही खतरनाक साबित हुई। कुल आठ फ्लैटों वाली इस इमारत में हर मंजिल पर दो फ्लैट थे, लेकिन बाहर निकलने के लिए सिर्फ एक संकरी सीढ़ी और एक लिफ्ट थी। आग लगते ही बिजली गुल हो गई और लिफ्ट बंद पड़ गई। धुआं और लपटें सीढ़ियों में भर गईं, जिससे लोगों के लिए बाहर निकलना लगभग असंभव हो गया। कई फ्लैटों में लगी लोहे की ग्रिल मौत का फंदा बन गई। लोग चाहकर भी खिड़की या बालकनी से बाहर नहीं निकल सके। सबसे भयावह स्थिति तब बनी जब जान बचाने के लिए कई लोग छत की ओर भागे, लेकिन वहां पहुंचकर पता चला कि छत का दरवाजा बंद है।

यह बंद दरवाजा उन लोगों के लिए मौत की दीवार साबित हुआ, जो ऊपर जाकर अपनी जान बचाना चाहते थे। बाद में दमकलकर्मियों को तीसरी मंजिल की सीढ़ियों के पास से तीन शव मिले, जो इसी बंद दर-वाजे के पास पड़े थे। दमकल विभाग के अनुसार, एक शव पहली मंजिल से, पांच शव दूसरी मंजिल से और तीन शव तीसरी मंजिल की सीढ़ियों के पास से बरामद किए गए। मृतकों में दो महिलाएं, एक बच्चा और छह पुरुष शामिल हैं। हादसे में जिन लोगों की जान गई। उनमें दूसरी मंजिल पर रहने वाले अरविंद जैन, उनकी पत्नी अनीता जैन, पुत्र निशांत जैन, बहू अंचल जैन और मासूम आकाश जैन शामिल हैं। पहली मंजिल की निवासी शिखा जैन भी आग की चपेट में आकर दम तोड़ गईं। वहीं तीसरी मंजिल पर रहने वाले नितिन जैन, उनकी पत्नी शैले जैन और पुत्र सम्यक जैन की भी इस हादसे में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक अरविंद जैन पेशे से फाइनेंसर थे, उनकी पत्नी गृहिणी थीं और बेटा निशांत जैन कंपनी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत था। एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है।

# सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा सांसद पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली/ मुंबई।** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दियाKजबसे उन्होंने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री का पद संभाला है, तभी से सांसद के रूप में उनके इस्तीफे की चर्चा चल रही थी। हाल ही में हुए उप चुनाव में उन्होंने बारामती से रिका-ॅर्ड अंतर के साथ विधानसभा चुनाव जीता। विधायक निर्वाचित हो जाने के बाद उन्होंने राज्यसभा के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया है। उल्लेखनीय है कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को उप मुख्यमंत्री मनोनीत किया गया था। नियमानुसार, किसी भी दो सदन के लिए चुने गए व्यक्ति को 14 दिनों के भीतर किसी एक सदन से इस्तीफा देना अनिवार्य होता है। इसलिए विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होते ही उन्होंने अपने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। राज्यसभा सदस्य के तौर पर सुनेत्रा पवार का कार्यकाल अभी भी दो साल शेष है। अब यह देखा जाना बाकी है कि उनके द्वारा रिक्त किए गए स्थान पर किसे शामिल किया जाएगा। जल्द ही सुनेत्रा पवार द्वारा खाली की गई राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की जाएगी। इस बीच सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से पहले ही उनके बेटे पार्थ पवार भी सांसद बन गए हैं। पिछले महीने ही पार्थ पवार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी।

## शेष भाग पेज नम्बर 6 का

**प्रतापगढ़ प्रभारी मंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे के कार्यक्रम ...**
रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। विधायक विश्वनाथगंज ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे के बन जाने से लोगों को आवागमन मे काफी सुविधा होगी और इससे जुड़े हुये गांवों का विकास होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में हमारे प्रतापगढ़ का विकास हो रहा है और प्रधानमंत्री जी का जो सपना है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेगे वह अवश्य पूरा होगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे की सबसे खास विशेषता शाहजहांपुर के पास बनी 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी है, जहां आपात स्थिति में वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे और गंगा एक्सप्रेस से लोगों का जीवन बदलेगा और आवागमन में सुविधाये व समय की बचत होगी। इसी प्रकार पार्टी के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अन्त में परियोजना निदेशक ड-ीआरडीए दयाराम यादव ने आये हुये अतिथियों व जनसामान्य के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ में पंजीकृत कलाकारो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की एवं एलईडी वैन के माध्यम से कार्यक्रम स्थल व अन्य चौराहो पर लोगों को केन्द्र एवं प्रदेश स-रकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 120 की स्पीड की स्वयं वाहन चलाकर गंगा एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

**रिपोर्ट, पत्रकार सूरज सोनी प्रतापगढ़।**

## DELHI CRIME PRESS की सदस्यता के लाभ

इच्छुक व्यक्ति समाचार पत्र की आजीवन सदस्यता प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।
सदस्यता लेने के बाद मिलने वाले फायदे।
प्रभावशाली गौरवशाली राष्ट्रीय सेवा को समर्पित रोजगार।
निशुल्क विज्ञापन (एक विजिटिंग कार्ड साइज)।
सदस्यता पहचान पत्र व पेन।
दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के स्टीकर (कार व बाइक के लिए)।
अपने क्षेत्र में अपने राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या पर लेख समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का सुअवसर।
दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान) से प्रशिक्षण प्राप्त कर पत्रकार बनने का सुअवसर

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक इंद्रा द्वारा रॉयल ऑफसेट, 489 एफ.आई.ई, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली - 110092 से मुद्रित कराकर एम 64, हरी नगर, नई दिल्ली -110064 से प्रकाशित किया गया। संपादक : इंद्रा
Customer Care No. 8744884766, For News & Advertisement 8744882188, Email- info@delhicrimepress.in, website - delhicrimepress.in